पर्यावरण बचाने को सभी दो पौधे लगाएं: सुरेश खन्ना

ककरा कलां में सिटी फॉरेस्ट में नगर निगम द्वारा किया गया वृक्षारोपण

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। ककरा कलां में बने अंत्येटि स्थल पर मियांवाकी तकनीक पर आधारित सिटी फॉरेस्ट में नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण जन आन्दोलन शहरी वनीकरण (मियांवाकी पद्वति) के अन्तर्गत वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किया गया।

नगर को एक अच्छा वातावरण देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्र में लगातार वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा। ककरा कलां में बने अंत्येष्टि स्थल पर मियांवाकी तकनीक पर आधारित सिटी फॉरेस्ट में विभिन्न प्रजाति के पौधों जैसे- पीपल, बरगद, आम, जगंल जलेवी, कनेर, गुड़हल, जामुन, आंवला इत्यादि पौधों का वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किया। मुख्य अतिथि वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग सरकार सुरेश कुमार खन्ना द्वारा पीपल का पौधा रोपित किया गया।सांसद अरुण कुमार सागर व राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मंत्री सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि व महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता द्वारा सिटी फॉरेस्ट में वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किया गया।

मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा नगरवासियों से नगर में सफाई व्यवस्था में सहयोग करने के लिये व नगर को एक अच्छा वातावरण देने के उद्देश्य से एवं पर्यावरण बचाने के लिये हर व्यक्ति द्वारा 2 पौधें अवश्य लगाये जाने की अपील की गई। जिससे नगरवासियों को शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त हो सकें। जिलाधिकारी/प्रशासक इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि पौधा लगाने से न सिर्फ वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि हम सभी को शुद्ध ऑक्सीजन भी प्राप्त होती है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि नगर निगम के प्रयास से एवं जन सामान्य की भागीदारी से नगर में लगातार वृक्षारोपण कार्य किया जा रहा। ककरा कलां स्थित अंत्येष्टि स्थल पर खाली पड़ी जमीन पर द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया। यह वृक्षारोपण (मियांवाकी पद्वति) के अन्तर्गत किया गया है। शासन की मंशा के अनुसार नगर निगम द्वारा 13000/- पौधें लक्ष्य के सापेक्ष आज 50

प्रतिशत पौधें लगाये गये है, शेष पौधों हेतु जल्द ही वृक्षारोपण किया जायेगा। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहीद पार्क (जैव विविधता पार्क) में (मियांवाकी पद्वति) के अन्तर्गत गत 09 माह पहले रोपित किये गये पौधें स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ आर्कशण का केन्द्र भी बन रहे है। अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान द्वारा पीपल के पौधें रोपित किये गये।